# डिग्री कॉलेज प्राचार्य को दिया 48 घंटे का अल्टीमेटम

## सनातन रक्षा परिषद अखण्ड भारत का संगठन हुआ सक्रिय, विवादित अतिथि विद्वान के खिलाफ खोला मोर्चा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 जनवरी। जिले के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बैढ़न में पदस्थ एक अतिथि विद्वान को लेकर चल रहा विवाद अब खुलकर सड़क पर आने की कगार पर पहुंच गया है। सनातन रक्षा परिषद अखंड भारत विभाग सिंगरौली ने कॉलेज प्राचार्य को 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए साफ कर दिया है कि यदि जियोलॉजी विभाग में पदस्थ उक्त अतिथि विद्वान के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा।**



परिषद के संतशरण भट्ट, धीरेंद्र कुमार शर्मा, विकास जायसवाल, संदीप शर्मा, आकाश सिंह, संदीप यादव सहित दर्जनभर पदाधिकारी एवं सदस्यों ने आज दिन गुरूवार को कॉलेज पहुंचे और प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि एक चरित्रहीन कथित एक अतिथि विद्वान के खिलाफ गंभीर शिकायत होने के बावजूद कॉलेज प्रबंधन अब तक मौन क्यों है। सनातन रक्षा परिषद अखण्ड भारत के पदाधिकारियों का कहना है कि पीड़ित छात्रा के पति भारतीय सेना में तैनात हैं और उन्होंने पूरे घटनाक्रम की शिकायत सीएम हेल्पलाइन 181 में दर्ज कराई है। इसके बावजूद न तो पुलिस हरकत में आई और न ही कॉलेज प्रशासन ने कोई न्यायोचित कार्रवाई की। उल्टा शिकायतकर्ता पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाए जाने के आरोप लगाए गए हैं। वहीं ज्ञापन में बताया गया कि कुछ दिन पूर्व उक्त अतिथि विद्वान ने छात्रा को रात करीब 10:30 बजे व्हाट्सएप कॉल कर अश्लील बातें कीं और बाद में रविवार को अकेले क्लास लगाने का प्रस्ताव रखा।

छात्रा ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए कॉल काट दी और पूरा घटनाक्रम अपने पति को बताया। इसके बाद पीड़िता के पति ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही सनातन रक्षा परिषद अखण्ड भारत के सदस्यों का यह भी आरोप है कि पूर्व में भी उक्त महाविद्यालय में लव जिहाद धर्मांतरण, जातीय विभेदता के मामले भी सामने आ चुके हैं और कार्रवाईयां भी हुई है। लेकिन यह मामला काफी संवेदनशील है।

### कॉलेज में तालाबंदी कराने का दिया है अल्टीमेटम

उक्त संगठन के संतशरण भट्ट ने प्राचार्य को ज्ञापन सौपते हुये कड़े शब्दों में कहा है कि चरित्रहीन शिक्षक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई, थाने में एफआईआर एवं महाविद्यालय से पृथक करने की कार्रवाई करें, अन्यथा 48 घंटे बाद सनातन रक्षा परिषद अखण्ड भारत से जुड़े सदस्य प्राचार्य के खिलाफ उग्र आंदोलन, प्रदर्शन करते हुये कॉलेज में तालाबंदी कराई जाएगी और चरित्रहीन एक अतिथि विद्वान को यहां से भगाया जाएगा। इधर उक्त संगठन के ज्ञापन सौपने के बाद प्राचार्य भी टेंशन में आ गये हैं। हालांकि 48 घंटे के अंदर प्राचार्य एक्शन लेते हैं, या फिर शिकायतकर्ता को डरा-धमका कर उक्त प्रकरण को बंद कराने की कवायद करेंगे। उधर उक्त मामले में दो प्रमुख छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एवं एनएसयूआई के पदाधिकारियों की चुप्पी पर भी तरह-तरह के सवाल खड़े किये जा रहे हैं।

### प्राचार्य ने आंतरिक जांच भी नहीं बैठाई, पुलिस अनजान

सबसे गंभीर सवाल यह है कि घटना को करीब पांच दिन बीत जाने के बाद भी न तो कॉलेज प्रबंधन ने आंतरिक जांच बैठाई और न ही पुलिस प्रशासन ने कोई ठोस कदम उठाया। परिषद का आरोप है कि प्राचार्य स्तर पर मामले को दबाने का प्रयास किया गया, ताकि कॉलेज की छवि प्रभावित न हो। सनातन रक्षा परिषद ने चेतावनी दी है कि यदि 48 घंटे के भीतर अतिथि विद्वान को महाविद्यालय परिसर से हटाकर उसके खिलाफविधिसम्मत कार्रवाई नहीं की गई, तो परिषद सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। परिषद के सामने आने के बाद अब उक्त अतिथि विद्वान की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं और कॉलेज प्रशासन की चुप्पी अब भारी पड़ सकती है। साथ ही प्रबुद्धजन पुलिस की चुप्पी पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं। वैसे तो पुलिस छोटी-छोटी बातों को, जहां उनका स्वार्थ जुड़ा होता है, उसे तो गौर कर एक्शन लेती है। परंतु इतनी बात सामने आने के बावजूद पुलिस की भूमिका कहीं भी सार्थक नही दिख रही है।



# बेकाबू बाइक हवा में लहराई एक की मौत, दो घायल

## माड़ा थाना क्षेत्र के कुम्हिया चौराहा के पास हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 जनवरी। माड़ा थाना क्षेत्र के कुम्हिया चौराहा के पास एक बेकाबू मोटरसाइकिल हवा में लहराते हुये सड़क के नीचे खाई में चली गई। जिसमें सवार एक बुजुर्ग की मौत हो गई। जबकि महिला समेत दो लो घायल हो गये।**

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हटका निवासी शिवकुमार बसोर गांव के एक महिला भगवती बसोर एवं बुजुर्ग परशुराम बसोर पिता सोबरन बसोर उम्र 60 वर्ष को मोटरसाइकिल में बैठा कर कहीं बाजार तरफ जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि मोटरसाइकिल की स्पीड इतनी तेज थी कि हवा में लहराते हुये सड़क छोड़ कर करीब 30 फीट दूर खाई में गिर गई। जिसमें मोटरसाइकिल के बीच में सवार परशुराम बसोर की मौत हो गई। चालक और महिला घायल हो गये। जिनका इलाज माड़ा शासकीय अस्पताल में चल रहा है।

## एक नजर में

### अभी तक नहीं आये स्थानांतरित सीएसपी

**सिंगरौली।** उमरिया से विंध्यनगर के लिए स्थानांतरित नगर पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र प्रताप सिंह अभी तक प्रभार लेने नही आए। जबकि तबादला आदेश जारी हुये एक सप्ताह से ज्यादा हो गये। इधर सीएसपी के विंध्यनगर के लिए रिलिव उमरिया से न किये जाने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। पुलिस महकमें में यह चर्चा है कि उनके स्थानांतरण को पीएचक्यू से होल्ड करा दिया गया है। असली वजह का पता नही चल पाया है। जिसके चलते सीएसपी पुन्नू परस्ते भी यहां से रिलिव नहीं किये जा चुके हैं। चर्चा है कि एक सप्ताह तक में स्थिति पता चल पाएगी।

### सोशल मीडिया में भड़काऊ पोस्ट करने पर होगी कार्रवाई

**सिंगरौली।** जिले में शांति, सामाजिक सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सिंगरौली पुलिस ने सख्त एडवाइजरी जारी की है। एसपी मनीष खत्री के निर्देशन में जारी इस चेतावनी में स्पष्ट किया गया है कि जिले में जातिगत, धार्मिक वैमनस्य फैलाने, महिलाओं के विरुद्ध अश्लील टिप्पणियां, भ्रामक व अफवाहपूर्ण सामग्री तथा बिना सत्यापन पोस्ट साझा करने जैसी गतिविधियों को गंभीर अपराध की श्रेणी में लिया जाएगा। पुलिस ने साफ शब्दों में कहा है कि सोशल मीडिया पर की जाने वाली प्रत्येक गतिविधि पुलिस की सतत निगरानी में है। यह स्पष्ट किया गया है कि पहचान छुपाकर, फर्जी आईडी बनाकर या किसी अन्य माध्यम से कानून से बचना संभव नहीं होगा।

### सोशल मीडिया पर एक समाज को गाली देना पड़ा भारी

**चितरंगी।** गढ़वा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लमसरई निवासी शिवम सिंह चौहान ने थाना पहुंचकर एक लिखित आवेदन प्रस्तुत करते हुए सोशल मीडिया पर क्षत्रिय समाज को सामूहिक रूप से गाली-गलौज एवं जातिगत अपमान किए जाने का गंभीर आरोप लगाया है। फरियादी ने आरोपी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता भास्कर मिश्रा के घर में घुसकर तोड़फोड़ एवं मारपीट

## कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के पचखोरा की घटना, अपराध दर्ज

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 जनवरी। कोतवाली बैढ़न के समीपी पचखोरा में स्थित कांग्रेस पार्टी प्रदेश प्रवक्ता भास्कर मिश्रा के घर में बीती रात दहशत गर्दो ने दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंच वाहनों एवं घर में तोड़फोड़ करते हुये मारपीट की है।**



कोतवाली पुलिस के अनुसार भास्कर मिश्रा के घर बीती रात कमलेश सोनी पिता महेन्द्र प्रसाद सोनी जा रहे थे कि आरोपी सत्यम सिंह ने अपने अन्य कई साथियों के साथ रास्ते में खड़े थे और कमलेश सोनी को साइड जाने के लिए नही दे रहे थे। इसी बात को लेकर कहा-सुनी हुई और कुछ देर बाद सत्यम सिंह व अन्य ने भास्कर मिश्रा के घर पहुंच गेट को तोड़ते हुये अंदर प्रवेश कर कार, स्कूटी एवं साईकिल में तोड़फोड़ करते हुये दरवाजा भी पीटने लगे। साथ ही बाहर आये कमलेश सोनी एवं बीच-बचाव करने पहुंचे भास्कर मिश्रा के साथ ही मारपीट की गई। इस घटना के बाद उनके घर एवं पड़ोस में अफरा-तफरी मच गई थी। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल कोतवाली पुलिस पहुंच स्थिति को संभालते हुये आरोपियों की तलाश में जुट गई। इसी दौरान आरोपी पुलिस को आते देख भाग खड़े हुये। इस घटना के बाद भास्कर के समर्थक कोतवाली बैढ़न पहुंच हंगामा शुरू कर दिया। टीआई अशोक सिंह परिहार ने आरोपी सत्यम सिंह सहित दो अन्य के विरूद्ध धारा 296(बी), 115(2), 351 (3), 331 (6), 324 (4), 3 (5) अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। वहीं सोशल मीडिया में गाली-गलौज करने वाले अजय सिंह के विरूद्ध भी पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर नोटिस देकर हिरासत में ली है। इधर उक्त घटना के बाद आज दिन गुरूवार को काफी गहमा-गहमी रहा। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने ब्राम्हण एवं क्षत्रियों के वरिष्ठजनों के साथ एक बैठक कर सौहाद्र वातावरण बनाने के लिए चर्चा की है।

हालांकि भास्कर मिश्रा ने पुलिस पर दोहरा चरित्र अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि 5 जनवरी को कोतवाली बैढ़न में लिखित रिपोर्ट दी गई, आज तक सीएसपी ने एफआईआर दर्ज क्यों नही कराया।

# शुभ मुहुर्त में आज श्रद्धालुओं ने सोन व गोपद नदी में लगाई आस्था की डुबकी

## परंपरागत तरीके से मनाया गया 14 के बदले 15 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 जनवरी। मकर संक्रांति का पर्व आज 15 जनवरी को परंपरागत तरीके से मनाया गया। आज के शुभ मुहुर्त में जिले के सोन एवं गोपद नदियों में हजारों-लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डूबकी लगाई है।**





दरअसल इस वर्ष मकर संक्रांति के लिए शुभ मुहुर्त आज 15 जनवरी को था। इसका पुण्य काल 15 जनवरी, द्वादशी गुरूवार को प्रात: काल से दोपहर 1:19 तक रहेगा। अत: इस वर्ष मकर संक्रांति 15 जनवरी को मनाना श्रेष्ठ होगा। इस दिन सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते है। इसीलिए इसे मकर संक्रांति के नाम से जानते है। इस दिन सूर्य उत्तरायण होता है। इसलिए इसे उत्तरायण संक्रांति के नाम से भी जाना जाता है। आज जिले के प्रमुख नदियों में सुबह से ही हजारों-लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डूबकी लगाई है। इस दौरान हाथ में तिल एवं फूल-अक्षत लेकर गोपद एवं सोन नदी में डूबकी लगाए। इसके बाद शिवालयों मंदिरों में पहुंच जल चढ़ाते हुये माथा टेके। इसके बाद श्रद्धालु अपने घरों एवं नदियों के तट पर बैठ चूरा, तिल एवं बूंदी का लड्डु चखे। इस दौरान बर्दी, झारा, समेत अन्य कई प्रमुखों स्थानों में विशाल मेला भी लगा है। जहां लोगों ने मेले का जमकर लुफ्ट उठाया। वहीं कइयों ने झूला का आनन्द लिये। मेले में बच्चों की संख्या खूब थी। साथ ही बच्चों ने पतंगबाजी भी की। इस दौरान पुलिस भी जगह-जगह मौजूद रही। यहां जानकारी के लिए बता दें कि झारा के सुरसुराई घाट एवं चितरंगी के बर्दी में एक पखवाड़ा तक मेला चलता है।

# 'सिंगरौली पुलिस का शक्ति प्रदर्शन, हर थाना क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 जनवरी। जिले में शांति, सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से आज दिन गुरुवार को पुलिस प्रशासन ने व्यापक स्तर पर फ्लैग मार्च निकाला।**

यह फ्लैग मार्च एसपी मनीष खत्री के निर्देशन, एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा के मार्गदर्शन तथा सीएसपी विंध्यनगर पीएस परस्ते के नेतृत्व में आयोजित किया गया। फ्लैग मार्च शहरी क्षेत्र के थाना बैढ़न, थाना विंध्यनगर, थाना नवानगर एवं चौकी जयंत अंतर्गत प्रमुख मार्गों, बाजारों एवं संवेदनशील स्थानों से होकर निकाला गया। इसके साथ ही जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया, ताकि आमजन में सुरक्षा का विश्वास और असामाजिक तत्वों में कानून का भय बना रहे।

# कंबल वितरण समापन खिचड़ी भोज आज

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 जनवरी। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा संचालित कंबल वितरण कार्यक्रम का समापन कल दिन शुक्रवार को खिचड़ी भोज के साथ किया जाएगा।**



संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अमित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी सेवा एवं सामाजिक समरसता के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि कंबल वितरण कार्यक्रम का अंतिम दिन कल दोपहर 12 बजे निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर होटल गंगोत्री के प्रांगण में खिचड़ी भोज का आयोजन किया जाएगा, जिसमें संगठन के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं आम नागरिक शामिल होंगे। श्री तिवारी ने बताया कि संगठन द्वारा हर वर्ष जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से यह कार्यक्रम चलाया जाता है, जिसे समाज के विभिन्न वर्गों का सहयोग प्राप्त होता है। उन्होंने सभी गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# पेयजल की गुणवत्ता जांच को सर्वोच्च प्राथमिकता दें : सविता

## स्व-सहायता समूह की महिलाओं को मिला प्रशिक्षण, घर-घर जाकर पानी के सैम्पल लेकर की जा रही गुणवत्ता जांच

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 जनवरी। नगर निगम सिंगरौली द्वारा स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार एवं ननि आयुक्त सविता प्रधान के मार्गदर्शन में नगरीय क्षेत्र में निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जलप्रदाय टंकियों की नियमित सफाई के साथ-साथ पानी की गुणवत्ता जांच को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।**



आज दिन गुरूवार को ननि की टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 33 में अनिल बंसल के निवास, वार्ड क्रमांक 21 में सुरेश कुशवाहा के निवास, वार्ड क्रमांक 22 में कमलेश सिंह के निवास, वार्ड क्रमांक 1 में पार्वती कुमारी के निवास तथा वार्ड क्रमांक 8 में मनोज सोनी के निवास से पेयजल के सैम्पल लेकर गुणवत्ता जांच की गई। इस प्रक्रिया के माध्यम से जल की शुद्धता सुनिश्चित करने एवं उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस संबंध में ननि आयुक्त ने बताया कि नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से जलप्रदाय टंकियों की सफाई, निरीक्षण एवं घरों से पेयजल के सैम्पल की जांच कराई जा रही है, ताकि नागरिकों को नियमित रूप से स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके।

**नए श्रम संहिताओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित:-** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा कार्यबल एवं हितधारकों में वैधानिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नई श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सत्र का नेतृत्व सुनील शर्मा क्षेत्रीय श्रम आयुक्त जबलपुर ने किया, जबकि अग्निमित्र बाजपेयी श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं।

# विंध्याचल में हर्षोल्लास के साथ मना लोहड़ी पर्व

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 15 जनवरी। एनटीपीसी विंध्याचल में वीवा क्लब में लोहड़ी पर्व पारंपरिक उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया।**



इस अवसर पर कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए सांस्कृतिक सौहार्द और आपसी एकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। नव आरंभ, समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक यह पर्व अपनी पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख, एम सुरेश महाप्रबंधक तथा रूमा दे शर्मा मानव संसाधन प्रमुख की उपस्थिति रही। सांस्कृतिक संध्या को और भी मनमोहक बनाते हुए मुकेश कुमार एवं बीके शुक्ला द्वारा प्रस्तुत गजल संध्या ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और उत्सव के माहौल में मधुर रंग भर दिए। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों और उनके परिजनों ने पूरे उत्साह के साथ पर्व का आनंद लिया। इस प्रकार के आयोजन न केवल टाउनशिप में उत्सवधर्मिता और जीवंतता का संचार करते हैं, बल्कि कार्यस्थल से परे कर्मचारियों के आपसी जुड़ाव और सहभागिता को भी सशक्त बनाते हैं।



# दिशिता महिला मंडल ने वितरित किया अन्न दान एवं कंबल

नवभारत न्यूज

**अनपरा 15 जनवरी।** दिशिता महिला मंडल रेनुसागर सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। मंडल की वरिष्ठ सदस्या इंदू सिंह के दिशा-निर्देशन में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर प्रेक्षागृह परिसर में 101 संविदा श्रमिको को अन्न दान एवं कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की वरिष्ठ सदस्या रीना जैन एवं निशा पांडेय ने संयुक्त रुप से सभी को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दीं एवं सभी के जीवन में सुख, स्वास्थ्य तथा समृद्धि की कामना की।

# प्रसव केन्द्रों की कमियों को दूर कर सभी ब्लॉकों में एम्बुलेंस निर्धारित करें : गौरव

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित, आईसीडीएस एवं स्वास्थ्य अमले को दिए गए सख्त निर्देश

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 15 जनवरी। कलेक्टर गौरव बैनल के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं नियमिति टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।**



बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओ को चिन्हित कर उनका अनिवार्य रूप से एएनसी रजिस्ट्रेशन करें। ताकि ऐसी महिलाएं जिन्हें अनिमिया एवं हाईपर टेंसन से संबंधित शिकायते हो, उन्हे सही समय पर उपचार मुहैया कराकर जच्चा-बच्चा को स्वस्थ्य एवं सुरक्षित किया जा सके।

आगे मातृ एवं शिशु मृत्युदर कमी लाने के लिए निर्धारित पैरामीटर के तहत कार्य किए जाने का निर्देशित किया कि आगामी समीक्षा बैठक में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। साथ ही ऐसे महिलाएं जिन्हे प्रसव पश्चात शासन द्वारा निर्धारित योजनाओं का लाभ समय पर ई-केवाईसी नही होने के कारण प्राप्त नही हो रहा है, अभियान चलाकर महिलाओं का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी करें। साथ ही कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव को शत-प्रतिशत किए जाने के लिए निर्धारित किए गये प्रसव केन्द्रो पर जो भी कमियां हैं.

उन्हे दूर करने के साथ-साथ एम्बुलेंस सभी ब्लॉको में जो निर्धारित किए गए हैं समय से उपलब्ध रहे। इसकी मॉनिटरिंग सभी बीएमओ अपने स्तर से करें। यदि एम्बुलेश समय पर नही पहुचती या संबंधित एजेंसी के द्वारा किसी भी प्रकार की बहानेबाजी की गई तो कार्रवाही करें।

### हर महीने प्रथम गुरूवार को होगी टास्क फोर्स समिति की बैठक

सीएमएचओ को निर्देशित किया कि प्रत्येक माह के प्रथम गुरूवार को जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक की जायें, ताकि गैप होने वाले पैरामीटरो के संबंध में समीक्षा कर उनमें सुधार किया जा सके। बैठक के अंत में कलेक्टर ने उपस्थित सभी बीएमओ सहित समस्त जिला कार्यक्रम प्रबंधक जिला प्रतिनिधि यूएनडीपी, डब्ल्यूएचओ सहित अन्य को निर्देशित किया कि जिनका जो भी दायित्व है उसको पूर्ण करें। साथ ही जो भी पैरामीटरो में कमी है उसे पूर्ण कर लक्ष्य को प्राप्त करे। कमी पाये जाने पर आगामी बैठक में कार्रवाही भी की जायेंगी। बैठक के दौरान जिपं सीईओ जगदीश गोमे, सीएमएचओ डॉ. पुष्पराज सिंह, सिविल सर्जन डॉ. कल्पना रवि, डीपीएम सुधांशु मिश्रा, डीपीओ जीतेन्द्र गुप्ता, सीबीएमओ डॉ. पंकज सिंह सहित समस्त बीएमओ मौजूद रहे।